# रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग-दिव्यांग को हो रही असुविधा

## एक किमी दूर है पार्किंग, एक यात्री चक्कर खाकर गिरा







नवभारत प्रतिनिधि की मौजूदगी में **यात्री लतीफ खान** अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े . उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग हैं और उन्हें स्टेशन से पार्किंग तक करीब एक किलोमीटर पैदल चलना पड़ा. इस दौरान उन्हें कोई व्हीलचेयर या सहायता उपलब्ध नहीं हुई. उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी में पैदल चलना उनके लिए बेहद मुश्किल हो गया है . इसी कारण वह समय पर नहीं पहुंच सके और उनकी दोपहर 3 बजे की ट्रेन छूट गई.


रोहित रजक


**भोपाल, 3 मई. भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. खासकर बुजुर्ग,दिव्यांग और अस्वस्थ यात्रियों के लिए हालात और भी कठिन हो गए हैं . स्टेशन से पार्किंग तक लंबी दूरी और वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं.**

यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि पार्किंग और स्टेशन के बीच उचित व्यवस्था की जाए . साथ ही दिव्यांग और अस्वस्थ यात्रियों के लिए व्हीलचेयर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े.

इस मामले में डीआरएम आफिस के जनसंपर्क अधिकारी **नवल अग्रवाल** ने बताया कि मेट्रो लाइन की वजह से अंदर वाहन प्रतिबंधित है, जैसे ही मेट्रो काम पूरा होगा हम वाहन परमिट शुरू कर देंगे और दिव्यांगजन के लिए रेल्वे के आफिस से अटेंडर व्हीलचेयर ले सकते हैं जो रेल्वे की नि:शुल्क सेवा है .



**यात्री छोटू** नामदेव ने बताया कि वह रोजाना यात्रा करते हैं और उनके साथ परिवार के बुजुर्ग सदस्य भी होते हैं . स्टेशन तक वाहनों के प्रवेश पर पहले से ही रोक है, जबकि मेट्रो का काम अभी शुरू हुआ है .ऐसे में बुजुर्गों को लाना और ले जाना बहुत मुश्किल हो गया है . उन्होंने कहा कि लोग भारी सामान लेकर तेज धूप में पैदल चलने को मजबूर हैं .



**यात्री अंजुम** ने महिलाओं की समस्या पर भी ध्यान दिलाया . उन्होंने कहा कि गर्मी और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण महिलाओं को भी काफी दिक्कत हो रही है . बीमार, ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद कठिन है .स्टेशन पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री आते हैं, लेकिन उनके लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी साफ नजर आ रही है .



## प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर पार्किंग व्यवस्था गंभीर समस्या

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर इन दिनों पार्किंग व्यवस्था गंभीर समस्या बनी हुई है . दोपहिया के लिए 10 रुपये और चारपहिया के लिए 20 रुपये चार घंटे तक के लिए तय हैं .सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी कैमरे और गार्ड मौजूद हैं, लेकिन पीछे का गेट खुला रहने से वाहनों की चोरी या अदला-बदली का खतरा बना रहता है . कर्मचारियों ने कहा की पहले तीन गाड़ियां चोरी हो चुकी थीं, जिन्हें बाद में ढूंढ लिया गया,लेकिन इससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं . कर्मचारियों का कहना है कि ठेकेदार इस समस्या को उठाते हैं,लेकिन रेलवे प्रशासन से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है .स्थानीय लोगों का सुझाव है कि पार्किंग के लिए दाहिनी ओर अतिरिक्त स्थान विकसित किया जाए और शेड के नीचे भी व्यवस्थित पार्किंग बनाई जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके .



**प्लेटफॉर्म 6 पर पार्किंग के लिए नहीं है पर्याप्त जगह**



यहां काम करने वाले कर्मचारी काशिफ मोहम्मद के अनुसार, रोज बड़ी संख्या में यात्रियों के आने के बावजूद पर्याप्त पार्किंग स्पेस नहीं है, जिससे अव्यवस्था और भीड़भाड़ बढ़ रही है .उन्होंने बताया कि पार्किंग के लिए जगह तो है, लेकिन मेट्रो निर्माण कार्य और आसपास बढ़ते अतिक्रमण के कारण स्थिति बिगड़ गई है . सड़कों पर ठेले लगने और रास्ता बाधित होने से गाड़ियों की आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है . सबसे बड़ी समस्या यह है कि रोड कंस्ट्रक्शन के दौरान कोई वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई है,जिससे वाहनों को सीमित जगह में ही खड़ा करना पड़ रहा है . पार्किंग कर्मचारी ने बताया रोज करीब 500 गाड़ियां यहां आती हैं . हालांकि पार्किंग शुल्क सामान्य है और ओवरचार्जिंग से इनकार किया गया है .

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अमले से नोंकझोंक

**भोपाल. राजधानी में रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विवाद की घटना सामने आई है. एक कर्मचारी के साथ झूमाझटकी भी गई.**

शाम को अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने हमीदिया रोड से कार्रवाई शुरू की गई. हमीदिया अस्पताल के पिछले गेट पर कुछ फलों के ठेले लगे थे. इन्हें हटाने के दौरान अतिक्रमण करने वालों ने विवाद और झूमाझटकी की. हालांकि निगम अमले सख्ती करते हुए यहां से अतिक्रमण हटा दिया गया. रॉयल मार्केट क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई.

इसके बाद टीम न्यू मार्केट पहुंची. जहां ट्रैफिक पुलिस के साथ कार्रवाई की गई. अतिक्रमण करने वालों को हिदायत दी गई कि वे अपना सामान हटा लें, वरना कार्रवाई की जाएगी.

## आज मेंटेनेंस के चलते 20 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** मेंटेनेंस के चलते 20 इलाकों में सोमवार को 4 से 5 घंटे तक बिजली कटौती होगी . सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक विनीत कुंज ए सेक्टर, सीआई हाइट्स, साई स्टील, आइना बंगलो, राज हर्ष कॉलोनी, बंजारी डी सेक्टर एवं आसपास के इलाके में कटौती होगी . इसके अलावा सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आनंद नगर, शंकर गार्डन, राजीव गांधी कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, रत्नागिरी तिराहा, राजीव नगर एवं आसपास और सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जाटखेड़ी, खंजर मोहल्ला, 16 एकड़ एरिया, बाग मुगालिया बस्ती, भवानी नगर एवं आसपास कटौती रहेगी .

# एकेडमी संचालिका से लूटे 1 करोड़ 89 लाख

## 06 को क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड समेत किया गिरफ्तार

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 मई. राजधानी में बीते दिन हाई प्रोफाइल अपहरण और रंगदारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. दिल्ली की एक आईएएस एकेडमी की संचालिका को बंदूक की नोंक पर बंधक बनाकर 1.89 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए गए.**

मामले की जानकारी पुलिस कमिश्नर संजय मिश्रा ने रविवार को मीडिया से बातचीत में साझा की. उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच ने मामले की त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण कर्ता के मास्टरमाइंड



प्रियांक शर्मा सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरी रकम बरामद कर ली है. पुलिस के अनुसार सेमीनार और नया सेंटर खोलने के बहाने से संचालिका को दिल्ली से भोपाल बुलाकर पुराने विवाद का बदला लेने प्रियांक शर्मा ने 30 अप्रैल को बाग सेवनिया स्थित किराए के मकान में मीटिंग के लिये बुलाया. जहां पहले से मौजूद हथियारबंद आरोपियों ने संचालिका को और उसके साथियों को बंधक बना लिया. साथ ही पीड़िता को आरोपियों नें अपने ही साथी के अपहरण का भय दिखाकर वीडियो बनाया ताकि वह पुलिस शिकायत न करे और भविष्य में भी पैसे देती रहे. आरोपियों ने किराये का मकान एक दिन पहले ही लिया था, जिसमें सुंदरकांड का आयोजन किया, जिससे घटनाक्रम का शोर और पीड़ितों की चीख-पुकार कोई सुन न सके.

आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर संचालिका को धमकाया और करीब चार घंटे तक बंधक बनाकर रखा. इस दौरान जबरन अपने खातों में 1 करोड़ 89 लाख रुपये ट्रांसफर कराकर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया. हालांकि पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया. पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी प्रियांक शर्मा को एम्स भोपाल से गिरफ्तार किया. जहां वह बीमारी का नाटक कर भर्ती था. जांच में उसकी हालत सामान्य पाई गई. पूछताछ में सामने आया कि वह देश छोड़ने की तैयारी में था.

# 3 जून से होगी 9 वीं और 11 वीं की द्वितीय परीक्षा

**छात्रों को मिला सुधार का मौका**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 मई. प्रदेश में कक्षा 9 वीं और 11 वीं की सेकंड परीक्षा 3 जून से शुरू हो चुकी है. बता दें स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तय समय सारिणी के अनुसार परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं.**

बता दें यह परीक्षा खास तौर पर उन छात्रों के लिए है जो पहले प्रयास में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए थे या किसी कारणवश परीक्षा में पीछे रह गए थे. उनके लिये यह परीक्षा अपने अंक सुधारने और कमजोर विषयों को मजबूत करने का अवसर मिला है. परीक्षा शुरू होने के साथ ही स्कूलों में गतिविधियां तेज हो गई हैं.

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की सेकंड परीक्षा छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है. पहली परीक्षा में घबराहट या अन्य कारणों से कम अंक आने की स्थिति में यह दूसरा मौका बेहतर प्रदर्शन का अवसर देता है. छात्रों को सलाह दी गई है कि वे इस समय का पूरा उपयोग करें. नियमित रिवीजन करें और महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दें. जिससे कम समय में सही रणनीति अपनाकर अच्छे अंक हासिल कर सकें.



फोटो : अशरफ अली

## बैरागढ़ में पुल निर्माण की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

**भोपाल.** बैरागढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . अधूरे निर्माण और सीमित मार्ग के कारण यहां प्रतिदिन लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है . खासकर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब दफ्तर जाने वाले और स्कूल-कॉलेज के छात्र जाम में फंस जाते हैं .

# पद वृद्धि की मांग पर फिर सड़कों पर उतरेंगे अभ्यर्थी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 मई. राजधानी में एक बार फिर शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थी बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं.**

वर्ग दो और वर्ग तीन भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी 12 से 15 मई तक लोक शिक्षण संचालनालय के सामने क्रमिक धरना देंगे. इसक 16 मई को हजारों अभ्यर्थी राजधानी पहुंचकर बड़ा प्रदर्शन करेंगे. गौरतलब है कि इससे पहले भी अभ्यर्थी कई बार भोपाल आकर अपनी आवाज उठा चुके हैं. भूख हड़ताल से लेकर अनोखे विरोध के जरिए उन्होंने सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की लेकिन अब तक कोई ठोस फैसला नहीं हो सका. हाल ही में हुए प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों के साथ हुए व्यवहार ने उनके आक्रोश को और बढ़ा दिया है. इसके बाद अभ्यर्थियों ने फिर से प्रदर्शन करने का फैसला लिया है.






**दौरा** भोपाल जिले का प्रशिक्षण वर्ग 16-17 मई को होगा : यति

# बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों पर की चर्चा

**भोपाल, 3 मई. भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि भोपाल नगर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत 16 एवं 17 मई को सन स्काई गार्डन सीहोर रोड में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर रविवार को प्रशिक्षण स्थल का दौरा एवं स्थल पर ही महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में संगठनात्मक मजबूती, कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में संभाग प्रभारी एवं नागदा-खाचरौद विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है. उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने का आह्वान किया.

जिला अध्यक्ष यति ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ को और अधिक मजबूत करने का अवसर है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ इस अभियान को सफल बनाने की अपील की. जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक दक्षता का विकास होगा. उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग की प्रत्येक व्यवस्था को सूक्ष्मता के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है . उन्होंने सभी टोली सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया . इस अवसर पर जिला महामंत्री मुकेश राय, प्रदीप शेखावत सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रशिक्षण अभियान टोली के संयोजक एवं सदस्यगण उपस्थित रहे .